## 2500 बैठने की पैवेलियन क्षमता को किया 500 का

# नेहरू स्टेडियम में न लगेगी लिफ्ट, न बनेगा टेबल टेनिस का हॉल



**रतलाम.** देश में अंतराष्ट्रीय क्रिकेटर नमन ओझा जैसे खिलाड़ी देने वाला नेहरू स्टेडियम में नए निर्माण का काम धीमी गति से चल रहा है। निर्माण के दौरान लिफ्ट का प्रावधान किया गया था, जिसको अचानक बदल दिया गया है। इतना ही नहीं टेबल टेनिस के लिए हॉल बनना था, अब यह नहीं बनेगा। पूर्व में करीब पौने चार करोड़ रुपए योजना के लिए मंजूर किए गए थे जिसकी कटौत्री नगर निगम ने रुपए के अभाव में कर दी है। इसमे भी बड़ी बात, पूर्व में यह जी-3 स्तर का बन रहा था, अब यह जी-1 स्तर का मात्र होगा।

शहर विधायक चेतन्य काश्यप की योजना को तत्कालीन नगर निगम की एमआईसी ने ठहराव क्रमांक 17 के अंतर्गत 8 जनवरी 2019 को मंजूर किया था। 20 फरवरी 2019 को इसकी निविदा का अनुबंध साईराम क्रंसक्टक्शन से हो गया था। पैवेलियन में जाने के लिए खिलाडियों की सुविधा को लिफ्ट लगना थी, लेकिन अब उसको योजना में से हटा दिया है। फाउंडेशन लेवल जी-3 की योजना अनुसार हुआ व पीलर्स भी उठाए गए, 'लेकिन अब बदलाव करते हुए इसको जी-1 की योजना अनुसार बनाया जा रहा है। अब यहां पर पैवेलियन में जो पूर्व में 2500 की क्षमता के बैठने का बनना था, उसको छोटा कर दिया है।

### फैक्ट फाइल

**टेंडर निकले** - 2 करोड 95 लाख 24 हजार 488 रुपए

**टेंडर मंजूर हुए** - 3 करोड़ 64 लाख 8 हजार 384 रुपए

**एसओआर अधिक** - 9.23 प्रतिशत

**पैवेलियन की पूर्व में तय क्षमता** - 2500 दर्शक की।

**कटौती के बाद पैवेलियन की क्षमता** - 500 दर्शक की।

पूर्व में बड़ा पैवेलियन, टेबल टेनिस का हॉल, लिफ्ट लगना आदि प्रस्तावित था। कोरोना के बाद जी-3 स्तर के इस निर्माण को जी-1 का कर दिया है। इससे कई प्रकार की कटौती होकर दी जाने वाली सुविधाओं को कम कर दिया गया है। - **अनुप घनोतिया**, संचालक साईराम कन्सट्रक्शन

अभी शहर में लिफ्ट का चलन अधिक नहीं है व इसके दुरुपयोग की संभावना अधिक रहती। इसलिए योजना में से इसको हटाया गया है। शेष निर्माण उपलब्ध राशि अनुसार होगा।

- **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त

पत्रिका 9/7/21

### शहर के वार्ड 16 में आइएमए केंद्र पर टोकन वितरण में मनमानी का आरोप

# वैक्सीनेशन में विवाद, केंद्र के बाहर धरने पर बैठे भाजपा कार्यकर्ता

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। गुरुवार को कोविड वैक्सीनेशन में वार्ड 16 में आइएमए केंद्र पर टोकन वितरण को लेकर हुए विवाद के बाद भाजपा दीनदयाल मंडल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी अपने वार्ड के कार्यकर्ताओं के साथ प्रशासन के खिलाफ धरने पर बैठ गए। सोनी ने टीकाकरण केंद्र पर पटवारी अनुप्रिया गुप्ता, रितिका चौहान एवं नायब तहसीलदार नवीन गर्ग द्वारा वार्ड के लोगों को टीका न लगाने व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को टोकन देने का आरोप लगाया।

सोनी ने कहा कि पटवारी व नायब तहसीलदार द्वारा मनमाने तरीके से टोकन बांटने पर आपत्ति जताई तो शासकीय कार्य में बाधा डालने का हवाला देकर जेल भेजने की धमकी दी गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार से बात की तो सभी पर केस दर्ज करने की बात कहने पर कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त हो गया। बेहतर चल रही व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है। धरना देने वालों में राकेश नागर, जयंवत कोठारी, निर्मल कटारिया, सुदीप पटेल, आकाश खड़के, राकेश मीणा, श्याम सोनी, उमेश बहादर, बंटी बोहरा आदि शामिल थे।



वैक्सीनेशन केंद्र के बाहर धरना देते हुए भाजपा कार्यकर्ता। • नईदुनिया

### शुक्रवार को पुराने कलेक्टोरेट में दूसरे डोज के लिए सत्र

एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि कोवैक्सीन दूसरा डोज लगवाने से आज जो शेष रह गए हैं वे शुक्रवार को पुराने कलेक्टोरेट में वैक्सीन लगवा सकते हैं।

### जिले में अब तक 414904 डोज लगाए गए

जिले में वैक्सीनेशन के तहत अब तक 4 लाख 14 हजार 904 कोविड के वैक्सीन के डोज लगाए जा चुके हैं। इसमें से 69 हजार 237 लोगों को कोविड वैक्सीन के दूसरे डोज लगाया जा चुका है। गुरुवार को 13251 लोगों का वैक्सीनेशन हुआ।

नईदुनिया 9/7/21

**जिले में वैक्सीनेशन को लेकर भ्रामक हालात:** दो मामलों से समझें वैक्सीनेशन में किस तरह जिम्मेदार ही फैला रहे भ्रामकता

# वैक्सीनेशन में हो रहा खेल: प्रशासन के रेकॉर्ड और हकीकत का नहीं हो रहा मेल

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट


पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर कहीं ना कहीं कोई न कोई परेशानी बनी हुई है। टीकाकरण के दौर में गुरुवार को एक ऐसे दो मामले सामने आए जिनमें दो लोगों को दो अलग-अलग सर्टिफिकेट जारी कर दिए गए। सर्टिफिकेट का दूसरा मैसेज आने के बाद दोनों ही हितग्राही असमंजस में पड़ गए और केंद्र पर जाकर इसकी शिकायत दर्ज कराई। जो सर्टिफिकेट जारी किए गए हैं, उनमें एक को-वैक्सीन तो दूसरा कोविशिल्ड का है। वही शख्स को को-वैक्सीन के दोनों डोज लगने के बाद भी गुरुवार को कोविशिल्ड का पहला टीका लगने का प्रमाण पत्र जारी हो गया। टीकाकरण में चल रहे खेल को लेकर किसी के पास कोई ठोस जवाब नहीं है।

**केस - एक-** एक मामला शहर के गौरव बरौलिया के साथ का है। गौरव की माने तो उस एक को वैक्सीन के दोनों डोज लग चुके हैं। पहला डोज 4 जून को तो दूसरा 3 जुलाई को लगवाया था। उसके बाद उसे 8 जुलाई को फिर से मैसेज आया। प्रमाण पत्र देखने पर गौरव को 8 जुलाई को कोविशिल्ड का पहला डोज लगाए जाने का उल्लेख था जिसे देखकर घबरा गया और तत्काल वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुंचा और नाम से हुई गड़बड़ी का पता लगाने का प्रयास किया लेकिन जिम्मेदार ठीक से जवाब नहीं दे सके।




केंद्र पर आपत्ति दर्ज कराता गौरव।




गौरव को जारी किए गए प्रमाण पत्र।

**केस - दो-** टीकाकरण में मनमानी का ऐसा ही एक मामला करण सिंह नाम के युवक के साथ भी हुआ है। करण सिंह को कोविशिल्ड का पहला डोज 7 जून को सुखेड़ा के केंद्र पर लगने का प्रमाण पत्र जारी किया गया था। जबकि दूसरे डोज का मैसेज 23 जून को आया जिसके प्रमाण पत्र पर करण सिंह आंजना नाम लिखा है और को-वैक्सीन का पहला टीका लगना दर्शाया गया है। ऐसे मामले सामने आने के बाद अब टीकाकरण को लेकर आमजन के दस्तावेजों का गलत उपयोग करने के आरोप भी लगने लगे हैं।



करण सिंह का पहला कोविशिल्ड का प्रमाण पत्र।



करण सिंह का दूसरा को-वैक्सीन का प्रमाण पत्र।

## नहीं दे सके जवाब

गौरव ने काजीपुरा स्थित जमातखाना केंद्र पर पहुंचकर जब मामले की जांच की ओर वैक्सीन लगाने वालों से पूछताछ की तो कोई भी ठीक से जवाब नहीं दे सका। यहां गौरव को तकनीकी समस्या होना बताकर चलता कर दिया। उसके बाद गौरव पुराना कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष स्थित केंद्र पर पहुंचा तो वहां किसी व्यक्ति द्वारा गौरव का दूसरा मोबाइल नंबर और उसकी आईडी के माध्यम से टीका लगवाने की आशंका जताई गई। गौरव की माने तो उसकी आईडी से किसी और व्यक्ति को टीका लगाया है, जिसमें आईडी और नंबर उपयोग किया गया है। गौरव ने 181 पर शिकायत दर्ज कराने की बात कही है।

पत्रिका 9/7/21

# होटलों को रात 10 बजे तक छूट, फुटपाथ वालों पर 8 बजे से सख्ती

## खानपान के ठेले लगाने वाले हो रहे हैं परेशान

भास्कर संवाददाता | रतलाम

लॉकडाउन भले खुल गया है। लेकिन दुकानें बंद करने का समय अभी भी रात 8 बजे का है। शाम को सड़क किनारे खाने पीने की दुकान लगाने वाले छोटे दुकानदार परेशान हैं। वे लॉकडाउन खुलने के बाद भी कारोबार नहीं कर पा रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशान ज्यूस, फरियाली खिचड़ी, आईस्क्रीम, पराठा, पानी पताशे बेचने वाले दुकानदार हैं। वे शाम 7 बजे तक दुकान लगाते हैं और रात 8 बजे पुलिस के जवान दुकानें बंद कराने पहुंच जाते हैं।

गुरुवार रात धानमंडी, चांदनीचौक, घांस बाजार, चौमुखीपुल पर खाने पीने की सामग्री बेचने वालों की दुकानें बंद कराने के पुलिस पहुंच गई। फाफड़े की दुकान लगाने वाले प्रदीप कसेरा ने बताया जब इंदौर में रात 11 बजे तक दुकानें खोलने की इजाजत है तो रतलाम में क्यों नहीं। छोटे व्यापारी शाम 7 बजे दुकानें लगाते हैं। दुकानों पर कारोबार शुरू होता है कि पुलिस के जवान हॉर्न बजाते हुए दुकानें बंद कराने आ जाते हैं। खाने पीने के छोटे दुकानदारों को राहत देना चाहिए। कम से कम दुकानें तो बंद नहीं कराना चाहिए।

### 3-4 घंटे की ग्राहकी रहती है, उसे भी नहीं कर पा रहे

शहर में संचालित खाने पीने के भोजनालय, होटलें रात 10 बजे तक खुल रही हैं। वे लोगों को बैठाकर खिलाने के लिए साथ होम डिलेवरी कर रहे हैं। सड़क किनारे खाने पीने की दुकान लगाने वालों को बंद कराया जा रहा है। सड़क किनारे छोटे व्यापारी खाने पीने की सामग्री बेच रहे हैं। जिला प्रशासन के दोहरे नियम से छोटे कारोबारी मुसीबत में आ गए हैं और उनकी कमाई नहीं हो पा रही है। कालिका माता मंदिर, दो बत्ती, स्टेडियम मार्केट, राम मंदिर, सराफा बाजार, धानमंडी, चौमुखीपुल, घास बाजार में दुकान लगाने वाले कारोबारी का तो कारोबार नहीं चल पा रहा है।

**होटल चालू है तो इन्हें छूट क्यों नहीं दी जा रही** - संयुक्त व्यापारी संघ के संजय पारख ने बताया जब भोजनालय और होटलें रात 10 बजे तक खुली रह सकती हैं तो सड़क किनारे दुकानें लगाने वाले छोटे कारोबारियों को छूट क्यों नहीं दी जा रही है। आखिर जिला प्रशासन द्वारा ये दोहरा रवैया क्यों अपनाया जा रहा है।

## कोरोना के विरुद्ध विश्व मे पहली रजिस्टर्ड वैक्सीन स्पुतनिक अब रतलाम में भी आरोग्यम हॉस्पिटल पर उपलब्ध



रतलाम। मध्य प्रदेश के दूसरे स्पुतनिक - वैक्सीनेशन सेंटर आरोग्यम हॉस्पिटल, रतलाम पर वेक्सिनेशन कार्य का शुभारंभ विधायक चेतन्य काश्यप, अभिषेक गेहलोत एस डी एम रतलाम, निमिष व्यास प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भारतीय जनता पार्टी, सोमेश पालीवाल प्रदेश सहसंयोजक it cell, नीलेश गांधी सूरजमल जैन मंडल अध्यक्ष के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

## जिले में अब तक 4 लाख 14 हजार 904 कोविड वैक्सीन के डोज लगाए गए

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में जिले में वैक्सीनेशन के तहत अब तक 4 लाख 14 हजार 904 कोविड के वैक्सीन के डोज लगाए जा चुके हैं। इसमें से 69 हजार 237 लोगों को कोविड वैक्सीन के दूसरे डोज लगाया जा चुका है। इसमें हेल्थ केयर वर्कर्स को 13 हजार 344 डोज, फ्रंटलाईन वर्कर्स को 14 हजार 459 डोज, 18 से 44 वर्ष आयु समूह के लोगों को 1 लाख 82 हजार 468 डोज, 45 से 60 वर्ष आयु समूह के लोगों को 1 लाख 29 हजार 389 डोज, 60 वर्ष से अधिक आयु समूह के लोगों को 75 हजार 244 डोज लगाए जा चुके हैं। वैक्सीनेशन महाअभियान के तहत गुरुवार 8 जुलाई को 13251 लोगों का वैक्सीनेशन हुआ।

## कुष्ठ बस्ती में टिकाकरण हुआ

रतलाम. कोरोना से बचने के लिए शहर से लेकर अंचल तक में टीकाकरण को लेकर उत्साह नजर आ रहा है। कई स्थान पर तय टीका से अधिक लोग आ रहे हैं। ऐसे में कुष्ठ रोगी भी स्वयं को इस बीमारी से बचाने के लिए जागृत हो गए हैं व टीकाकरण के लिए आगे आए हैं। गुरुवार को दीनदयाल विचार मंच के सहयोग से कुष्ठ बस्ती मोतीनगर मे टीकाकरण अभियान के तहत कुष्ठ रोगियों को टीकाकरण किया गया। मंच के अध्यक्ष अशोक जैन चौटाला ने बताया कि कुष्ठ बस्ती मे ही केंप लगाकर 66 कुष्ठ रोगियों को प्रथम डोज के टिके लगाये गए। इस अवसर पर मंच अध्यक्ष अशोक चौटाला, श्यामलाल रेडा, गौरव जैन, कुष्ठ समिति अध्यक्ष पार्वतीबाई, प्रेमसिंह चोहान, मांगीलाल ठाकुर ने टीकाकरण स्टाफ के सदस्य सिविल अस्पताल के कुष्ठ शाखा प्रभारी शरद शुक्ला, प्रियंका हैराल्ड, वंदना गुर्जर एएनएम, लक्ष्य देवडा डाटा एंट्री आपरेटर का फूल मालाओं से स्वागत कर कुष्ठ बस्ती में सेवाएं देने पर आभार प्रकट किया।

## 66 कुष्ठ रोगियों को लगाए टीके

रतलाम। दीनदयाल विचार मंच के सहयोग से कुष्ठ बस्ती मोतीनगर में टीकाकरण अभियान के तहत कुष्ठ रोगियों को टीके लगाए गए। मंच अध्यक्ष अशोक जैन चौटाला ने बताया कि कुष्ठ बस्ती में ही कैंप लगाकर 66 कुष्ठ रोगियों को पहला टीका लगाया गया। कुछ रोगी चलने फिरने मे असमर्थ थे, जिन्हें घर पर ही टीके लगाए गए। एक महिला के दोनों पैर नहीं थे तथा उनके पति बोल नहीं सकते थे, उन्होंने भी टीका लगवाया। श्यामलाल रेडा, गौरव जैन, कुष्ठ समिति अध्यक्ष पार्वतीबाई, प्रेमसिंह चौहान, मांगीलाल ठाकुर ने टीकाकरण स्टाफ के सदस्य सिविल अस्पताल के कुष्ठ शाखा प्रभारी शरद शुक्ला, फिजियोथैरेपिस्ट प्रियंका हेराल्ड, एएनएम वंदना गुर्जर, डाटा एंट्री आपरेटर लक्ष्य देवड़ा का फूलमालाओं से स्वागत कर कुष्ठ बस्ती मे आकर सेवाएं देने पर आभार प्रकट किया।

## प्रदेश में साढ़े छह लाख को टीका लगाने का था लक्ष्य

भोपाल (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना टीकाकरण के तहत गुरुवार को प्रदेशभर में साढ़े छह लाख लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य तय किया गया था लेकिन शाम सात बजे तक इससे अधिक छह लाख 64 हजार लोगों को टीका लगाया गया। इसमें कोविशील्ड की पहली और कोवैक्सीन की सिर्फ दूसरी डोज लगाई गई। सभी केंद्रों में ऑनलाइन बुकिंग करवाने वालों को तीन बजे तक टीका लगाया गया। तीन बजे के बाद बची हुई वैक्सीन मौके पर पहुंचे लोगों को पंजीयन कर लगा दी गई। कोविन पोर्टल से मिली जानकारी के अनुसार सर्वाधिक टीकाकरण के मामले में गुरुवार को मध्य प्रदेश दूसरे नंबर पर रहा है।

## एक भी नया पाजिटिव केस नहीं, तीन डिस्चार्ज

रतलाम। जिले में गुरुवार को एक भी नया पाजिटिव केस सामने नहीं आया। तीन मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 16 है। जिले में अब तक 17496 पाजिटिव केस सामने आ चुके है, वहीं 17169 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है। जुलाई के सात दिनों में कुल 14 नए पाजिटिव केस सामने आ चुके है, वहीं 40 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत एक भी नहीं हुई है।

## घर-घर जाकर जांचेंगे बच्चों की सेहत

रतलाम। जिले में शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए दस्तक अभियान 19 जुलाई से 18 अगस्त तक चलेगा। इस संबंध में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन डीएचओ जीआर गौड़, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रजनीश सिन्हा, जिला मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डाक्टर वर्षा कुरील, न्यूट्रिशन इंटरनेशनल के प्रोजेक्ट को-आर्डिनेटर रमेश मेनन, संभागीय समन्वयक आशीष पुरोहित, डीपीएम डाक्टर अजहर अली तथा सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग अंकिता पंड्या एवं विकासखंड स्तरीय चिकित्सा अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ की गई। कार्यशाला के दौरान बताया गया कि कोरोना की तीसरी लहर आने की आशंका जताई जा रही है। अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता, एएनएम और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पांच वर्ष तक के बच्चों की घर-घर जाकर सेहत की जांच करेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत तीन दिन से अधिक बुखार आने वाले बच्चों की कोविड संबंधी जांच भी की जाएगी। बच्चों में गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान रेफरल एवं प्रबंधन किया जाएगा।

## निगम के दल ने स्पाट फाइन कर समझाइश दी

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पाट फाइन दल द्वारा खुले में गंदगी करने पर कालु, मांगू, जीत नीलाईपुरा, विकास, रोहित, ज्योति नमकीन, रतनलाल चांदनी चौक, नानू कालेज रोड, संगीता जेल रोड व जौसर भाई त्रिपोलिया गेट पर 100-100 रुपयों का जुर्माना वसूल कर भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी। इसके अलावा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बगैर मास्क वाले 116 व्यक्तियों पर जुर्माना कर 11600 की राशि वसूल कर अनिवार्य रूप से मास्क लगाने की चेतावनी दी गई। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गंदगी करने पर स्पाट फाइन दल द्वारा जुर्माना कर 3200 की राशि वसूल की गई।

अग्निबाण 9/7/21

## बिना मास्क वाले 116 लोगों से 15800 रु. जुर्माना वसूला

रतलाम | गुरुवार को नगर निगम ने गंदगी फैलाने और बिना मास्क घूमने वालों पर कार्रवाई करते हुए 15800 रुपए का फाइन वसूला। इसमें भी खुले स्थानों पर गंदगी फैलाने और डस्टबीन नहीं रखने पर 10 व्यक्तियों पर 3200 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया। वहीं नीलाईपुरा, चांदनीचौक, कॉलेज रोड, जेल रोड पर कार्रवाई करते हुए 116 लोगों को बिना मास्क पहने घूमते पकड़ा। इनसे 11600 रुपए का जुर्माना वसूला। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कार्रवाई के लिए स्पॉट फाइन दल बनाए हैं।

दै. भास्कर 9/7/21

## आज से दीनदयाल रसोई केंद्र शुरू होगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कमजोर वर्ग को 10 रुपए में भोजन देने वाला आंबेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउंड का दीनदयाल रसोई केंद्र शुक्रवार से चालू हो जाएगा। संक्रमण बढ़ने पर इसके सहित त्रिपोलिया गेट वाले केंद्र को बंद कर दिया था। सिर्फ राजीव गांधी सिविक सेंटर का रसोई केंद्र चालू था। संक्रमण कम होने पर जून में निगम त्रिपोलिया गेट वाला सेंटर प्रारंभ कर चुका है। सभी सेंटर पर सुबह 10 से 3 बजे तक भोजन कर सकेंगे।

दै. भास्कर 9/7/21

## पीएम स्वनिधि में लापरवाही

# दो सिटी मैनेजर, पांच सामुदायिक संगठिका का जून का वेतन रोका

भास्कर संवाददाता | रतलाम


पीएम स्वनिधि योजना में लापरवाही पर एनयूएलएम के दोनों सिटी मैनेजर और पांच सामुदायिक संगठिकाओं का जून का वेतन रोक दिया है। गुरुवार को समीक्षा में नगर निगम का प्रदर्शन खराब रहा। प्रदेश की 16 नगर निगम में रतलाम 16 नंबर पर रहा, जिले की रैंकिंग 52 रही। इसे देख नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय और वीसी के बाद कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने नाराजगी जताई। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सिटी मैनेजर नितिन तिवारी, कपिल मारोठिया, सामुदायिक संगठिका राजश्री गुमास्ते, रेखा राठौर, सीमा सुरोलिया, हेमा सिलावट, निर्मला राय का जून का वेतन आगामी आदेश तक रोके जाने के आदेश दे दिए हैं।

दै. भास्कर 9/7/21

# लोक अदालत कल, बकाया कर जमा कराने पर बकायादारों को मिलेगी छूट

## कल होगा आयोजन, निगम के बकायादार दो स्थानों पर जमा करा सकेंगे राशि

रतलाम। संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने के लिए 10 जुलाई को नेशनल लोक अदालत के तहत बकाया राशि जमा कराने के लिए नगर निगम कार्यालय जलकर काउंटर के बाहर तथा कोर्ट परिसर में शिविर का आयोजन किया गया है।



नेशनल लोक अदालत में संपत्ति कर व अधिभार की राशि 50 हजार रुपये तक बकाया होने तथा जलकर के दस हजार तक बकाया होने पर अधिभार में 100 प्रतिशत, इसी तरह एक लाख तक बकाया संपत्तिकर में 50 प्रतिशत अधिभार छूट तथा जलकर के 50000 रुपये बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। एक लाख से अधिक बकाया पर 25 प्रतिशत छूट मिलेगी। यह छूट वित्तीय वर्ष 2020-21 तक की बकाया राशि पर ही देय होगी। अग्निपथ

अग्निपथ। 9/7/21

# नेशनल लोक अदालत का कल

रतलाम। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के निर्देशानुसार संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने हेतु शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया हैं। नगर निगम द्वारा शहर में बकाया राशि जमा कराने हेतु नगर निगम कार्यालय जलकर काउंटर के बाहर तथा कोर्ट परिसर में एक दिवसीय शिविर का आयोजन कार्यालयीन समय में किया गया है। शहरवासी आयोजित शिविर में उपस्थित होकर बकाया राशि जमा कराकर दी जा रही अधिभार (सरचार्ज) में छूट का लाभ उठा सकते हैं। नवभारत

नवभारत 9/7/21

### कल लोक अदालत

# संपत्तिकर और जलकर के सरचार्ज में 25 से 100 % तक की छूट देंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

10 जुलाई को बकाया भुगतान के सरचार्ज पर 100 से 25 % की छूट लेकर एक साथ भुगतान कर सकेंगे। यह अवसर नेशनल लोक अदालत में मिलेगा। नगर निगम के जल काउंटर के बाहर और कोर्ट में लगने वाले शिविर में पैसा जमा करा सकेंगे। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया संपत्ति कर के 50 हजार तक बकाया पर अधिभार में 100%, 1 लाख रुपए तक बकाया पर 50% तथा एक लाख से ज्यादा पर सरचार्ज में 25% छूट दी जाएगी। जलकर के 10 हजार बकाया होने पर सरचार्ज में 100%, 50 हजार तक बकाया पर 75%, 50 हजार से ज्यादा होने पर सरचार्ज में 50 प्रतिशत छूट मिलेगी।

दै. भास्कर 9/7/21

# नेशनल लोक अदालत का 10 को, बकायादार 2 स्थानों पर जमा करा सकेंगे बकाया राशि

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

राज्य शासन के निर्देशानुसार संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने हेतु 10 जुलाई शनिवार को नेशनल लोक अदालत के तहत बकाया राशि जमा कराने हेतु नगर निगम कार्यालय जलकर काउंटर के बाहर तथा कोर्ट परिसर में शिविर का आयोजन कार्यालयीन समय में किया गया है।

आयोजित नेशनल लोक अदालत में सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए 50,000/- (रुपए पचास हजार) तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपए 10,000/- (रुपए दस हजार) तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट। सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए 50,000/- (रुपए पचास हजार) से अधिक तथा रुपये 1,00,000/- (रुपए एक लाख) तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए 10,000/- से अधिक तथा रुपए 50,000/- तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट। सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 1,00,000/- (रुपए एक लाख) से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए 50,000/- से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट। उक्त छूट मात्र एक बार ही दी जाएगी। यह छूट वित्तीय वर्ष 2020-21 तक की बकाया राशि पर ही देय होगी। यह छूट मात्र 10 जुलाई की नेशनल लोक अदालत के लिए मान्य होगी। स्वदेश

स्वदेश 9/7/21

अमृत सागर कॉलोनी स्थित केंद्र पर बनी थी विवाद की स्थिति

# टीकाकरण केंद्र पर मंडल अध्यक्ष प्रशासन के बीच हुई कहासुनी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. टीकाकरण को लेकर अब केंद्रों पर आए दिन विवाद की स्थिति बनती जा रही है। इसके पीछे कारण शहर में अधिक और गांव में टीकाकरण कम होना बताया जा रहा है जिस कारण से गांव के लोग अब टीका लगवाने के लिए शहर में आ रहे हैं। ऐसे में शहर के केंद्रों पर वार्ड की जनता और गांव से आए लोगों के बीच भी आपसे कहा सुनी हो रही है। केंद्र पर कहासुनी से जुड़ा ऐसा ही एक मामला गुरुवार को अमृत सागर कॉलोनी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में बनाए गए केंद्र पर नजर आया।

उक्त केंद्र पर सुबह ग्रामीणों को पटवारी द्वारा टोकन वितरण किए जाने पर यहां के मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी ने आपत्ति जताई। उनका कहना था कि पहले वार्ड की जनता को टोकन वितरित किया जाए जो कि सुबह से लाइन में खड़े हैं। इस पर प्रशासन का कहना था कि टोकन का वितरण नियम से ही किया गया है। इस बात पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। मामले की जानकारी मिलने पर नायब तहसीलदार गर्ग यहां पहुंचे और अनावश्यक रूप से भीड़ लगा कर खड़े लोगों को हटने के लिए कहा तो इस पर भी कुछ लोग आपत्ति लेने लगे। प्रशासन के इस रवैए को देख निर्मल कटारिया द्वारा भी आपत्ति जताई गई और प्रशासन कर मनमानी के आरोप लगाए। यहां विवाद की स्थिति बढ़ने पर तहसीलदार गोपाल सोनी मौके पर पहुंचे और यहां जमा लोगों को समझाइश देकर मामले को शांत किया।

पत्रिका 9/7/21

# सीमा टांक की पहल से वार्ड क्रमांक 8 में डोलावाड़ की पाइप लाइन पहुंची



प्रसारण न्यूज • रतलाम

गुरुवार को वार्ड नंबर 8 के अंतर्गत कृष्ण विहार कॉलोनी में वर्षों से पीने के पानी की समस्या से रहवासी ग्रसित थे। रहवासियों के अनुसार मीठा पानी बहुत दूर-दूर से लाना पड़ता था तब कहीं जाकर खाना बनता था। रहवासी अपनी समस्या लेकर भाजपा नेत्री व पूर्व पार्षद सीमा टांक के पास पहुंचे और अपनी समस्या बताई। श्रीमती टांक ने अपनी अथक परिश्रम से चार-पांच महीने से नगर निगम में काम करवाने के लिए प्रयासरत थी। इस हेतु नगर निगम में आवेदन दिए व श्री आयुक्त से चर्चा की।

नए कनेक्शन मुख्य पानी की लाइन से जुड़े गए अब पीने के पानी पर्याप्त मात्रा में मिल रहा है यह हेतु श्रीमती टांक ने नगर निगम आयुक्त श्री झारिया जी का धन्यवाद भी दिया। श्री निगमायुक्त ने बाकी अन्य वार्ड की समस्याओं जल्द ही निराकरण करने का आश्वासन दिया है। इस हेतु कॉलोनी के रहवासियों ने श्रीमती सीमा टांक का स्वागत पुष्प माला पहनाकर व शॉल श्रीफल से सम्मानित किया तथा आश्वासन दिलाया कि हम सब लोग आपके साथ में हैं। जब भी जरूरत हो हम पूरे कॉलोनी वासी आपके लिए हमेशा सहयोगी के रूप में खड़े रहेंगे। इसमें गोपाल भट्ट, सीमा यादव, सीमा पांचाल, स्वप्निल पांचाल, सुरेश ठाकुर, नंदू भाई, कैलाश पांचाल, यादव राधेश्याम पांचाल, पवन यादव, संजय भट्ट, महेश आदि उपस्थित थे।

## कृष्ण विहार कालोनी की पेयजल समस्या दूर

रतलाम। शहर के वार्ड नंबर-08 के अंतर्गत कृष्ण विहार कालोनी में नए कनेक्शन मुख्य पेयजल पाइप लाइन से जोड़ दिए गए हैं। इससे रहवासियों की वर्षों पुरानी पेयजल की समस्या का समाधान हो गया है। उल्लेखनीय है कि रहवासियों को मीठा पानी दूर-दूर से लाना पड़ता था। समस्या लेकर रहवासियों ने पूर्व पार्षद सीमा टांक को अवगत कराया। [illegible] नगर निगम में आवेदन देकर [illegible] से चर्चा की। इस पर नए कनेक्शन मुख्य पानी की लाइन से जुड़े गए। अब रहवासियों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल मिल रहा है। समस्या दूर होने पर रहवासियों ने टांक का स्वागत किया। टांक ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को धन्यवाद दिया। गोपाल भट्ट, सीमा यादव, सीमा पांचाल, स्वप्निल पांचाल, सुरेश ठाकुर, नंदू भाई, कैलाश पांचाल, राधेश्याम पंचाल, पवन यादव, संजय भट्ट, महेश आदि उपस्थित थे।

प्रसारण 9/7/21

# अवैध कॉलोनी को वैध करने का फैसला ऐतिहासिक : डागा

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

## मुख्यमंत्री श्री चौहान व विधायक काश्यप को धन्यवाद ज्ञापित

मध्यप्रदेश सरकार ने अवैध कॉलोनी को नियमित करने संबंधी अध्यादेश लाने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया है, इससे प्रदेश में सभी अवैध कॉलोनियों को वैध किया जा सकेगा। कॉलोनियां वैध होने पर इनमें निवासरत लाखों परिवार लाभान्वित होंगे। भाजपा सरकार द्वारा वैधकरण का यह फैसला ऐतिहासिक है।



पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा ने बयान जारी कर बताया कि अवैध कॉलोनियों को वैध करने की शुरूआत रतलाम से ही हुई थी। भाजपा के पूर्व शासन काल में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने सैकड़ों कॉलोनियों के वैधकरण की शुरूआत की थी, लेकिन कांग्रेस शासन काल के दौरान इस प्रक्रिया पर रोक लग गई थी, इससे अवैध कॉलोनियों में निवासरत परिवारों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। कॉलोनियों में विकास कार्य भी ठप्प हो गए थे।

श्री डागा ने बताया कि भाजपा ने प्रदेश में पुनः सरकार बनाने के बाद अवैध कॉलोनियों को वैध करने की घोषणा की थी। प्रदेश मंत्री परिषद् की बैठक में इसके प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने के बाद उक्त घोषणा के क्रियान्वयन का रास्ता साफ हो गया है।

पूर्व महापौर श्री डागा ने कॉलोनियों के वैधकरण के फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं शहर विधायक चेतन्य काश्यप को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने बताया कि उनके महापौर कार्यकाल में ही अवैध कॉलोनियों के वैधकरण की शुरूआत हुई थी।

विधायक श्री काश्यप इसे विस्तारित कराया था, जिससे रतलाम के मॉडल को पूरे प्रदेश और बाद में अन्य राज्यों द्वारा भी अपनाया गया था।

प्रसारण 9/7/21

# वैध कॉलोनी को वैध करने का फैसला ऐतिहासिक : पूर्व महापौर डागा

रतलाम। । मध्यप्रदेश सरकार ने अवैध कॉलोनी को नियमित करने संबंधी अध्यादेश लाने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया है। इससे प्रदेश में सभी अवैध कॉलोनियों को वैध किया जा सकेगा। कॉलोनियां वैध होने पर इनमें निवासरत लाखों परिवार लाभान्वित होंगे। भाजपा सरकार द्वारा वैधकरण का यह फैसला ऐतिहासिक है। पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा ने बयान जारी कर बताया कि अवैध कॉलोनियों को वैध करने की शुरूआत रतलाम से ही हुई थी। भाजपा के पूर्व शासन काल में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने सैकड़ों कॉलोनियों के वैधकरण की शुरूआत की थी, लेकिन कांग्रेस शासन काल के दौरान इस प्रक्रिया पर रोक लग गई थी। इससे अवैध कॉलोनियों में निवासरत परिवारों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। कॉलोनियों में विकास कार्य भी ठप हो गए थे। श्री डागा ने बताया कि भाजपा ने प्रदेश में पुनः सरकार बनाने के बाद अवैध कॉलोनियों को वैध करने की घोषणा की थी। प्रदेश मंत्री परिषद् की बैठक में इसके प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने के बाद उक्त घोषणा के क्रियान्वयन का रास्ता साफ हो गया है। पूर्व महापौर श्री डागा ने कॉलोनियों के वैधकरण के फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं शहर विधायक चेतन्य काश्यप को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने बताया कि उनके महापौर कार्यकाल में ही अवैध कॉलोनियों के वैधकरण की शुरूआत हुई थी। विधायक श्री काश्यप इसे विस्तारित कराया था।

# रतलाम बना अवैध कॉलोनी को वैध करने का रोल मॉडल

रतलाम. मध्यप्रदेश सरकार ने अवैध कॉलोनी को नियमित करने संबंधी अध्यादेश लाने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया है। इससे प्रदेश में सभी अवैध कॉलोनियों को वैध किया जा सकेगा। कॉलोनियां वैध होने पर इनमें निवासरत लाखों परिवार लाभान्वित होंगे। बता दे की रतलाम से ही इसकी शुरूआत हुई थी।

पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा ने बयान जारी कर बताया कि अवैध कॉलोनियों को वैध करने की शुरूआत रतलाम से ही हुई थी। भाजपा के पूर्व शासन काल में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने सैकड़ों कॉलोनियों के वैधकरण की शुरूआत की थी, लेकिन कांग्रेस शासनकाल के दौरान इस प्रक्रिया पर रोक लग गई थी। डागा के अनुसार उनके महापौर कार्यकाल में ही अवैध कॉलोनियों के वैधकरण की शुरूआत हुई थी। विधायक काश्यप इसे विस्तारित कराया था, जिससे रतलाम के मॉडल को पूरे प्रदेश और अन्य राज्यों द्वारा अपनाया गया था।

## सीएम और विधायक को दिया श्रेय

# अवैध कॉलोनिया वैध कर देने से लाखों परिवारों को मिलेगा लाभ

भास्कर संवाददाता | रतलाम

अवैध कॉलोनियों को वैध करने के फैसले से लाखों परिवारों को फायदा होगा। भाजपा के पूर्व शासन काल में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने अवैध कॉलोनियों को वैध करने की शुरूआत की थी, लेकिन कांग्रेस की सरकार आने के बाद इस पर रोक लगा दी थी।

मप्र सरकार ने अवैध कॉलोनी को नियमित करने संबंधी अध्यादेश लाने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया है। प्रदेश में सभी अवैध कॉलोनियों को वैध किया जा सकेगा। पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा ने बताया अवैध कॉलोनियों को वैध करने की शुरूआत रतलाम से ही हुई थी। भाजपा ने प्रदेश में पुनः सरकार बनाने के बाद अवैध कॉलोनियों को वैध करने की घोषणा की थी। प्रदेश मंत्री परिषद की बैठक में इसके प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने के बाद उक्त घोषणा के क्रियान्वयन का रास्ता साफ हो गया है। डागा ने फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान व शहर विधायक चेतन्य काश्यप का आभार माना है। उन्होंने बताया उनके महापौर कार्यकाल में ही अवैध कॉलोनियों के वैधकरण की शुरूआत हुई थी। विधायक काश्यप इसे विस्तारित कराया था, जिससे रतलाम के मॉडल को पूरे प्रदेश और बाद में अन्य राज्यों द्वारा भी अपनाया था।

# अवैध कालोनी को वैध करने का फैसला ऐतिहासिक

रतलाम। मध्यप्रदेश सरकार ने अवैध कालोनी को नियमित करने संबंधी अध्यादेश लाने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया है। इससे प्रदेश में सभी अवैध कालोनियों को वैध किया जा सकेगा। कालोनिया वैध होने पर इनमें निवासरत लाखों परिवार लाभान्वित होंगे। भाजपा सरकार द्वारा वैधकरण का यह फैसला ऐतिहासिक है। पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा ने बताया कि अवैध कालोनियों को वैध करने की शुरूआत रतलाम से ही हुई थी।

# एक ही व्यक्ति को जारी हो गए तीन वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट

प्रसारण न्यूज * रतलाम

जिले में वैक्सीन नहीं लगवाने के बावजूद भी सर्टिफिकेट जारी होने और दूसरे डोज का रजिस्ट्रेशन नहीं होने की कई शिकायतें सामने आ रही है। रतलाम में आज एक ही हितग्राही को वैक्सीनेशन के तीन सर्टिफिकेट जारी होने का मामला सामने आया है। स्टेशन रोड निवासी गौरव खरनोलिया ने कोवैक्सीन के दोनों डोज लगवा लिया है, जिसके सर्टिफिकेट भी उन्हें पहले ही मिल चुके हैं, लेकिन आज गौरव को फिर मैसेज मिला कि उन्हें कोविशील्ड का पहला डोज शैरानीपुरा स्थित वैक्सीनेशन केंद्र पर लगाया गया है। गौरव ने जब दी गई लिंक से सर्टिफिकेट डाउनलोड किया, तो उनके नाम वैक्सीनेशन का तीसरा सर्टिफिकेट जारी हो चुका था। वैक्सीनेशन केंद्र पर संपर्क करने पर इसे तकनीकी समस्या बताते हुए हितग्राही को वापस भेज दिया गया है। दरअसल कोविन एप गड़बड़ी की वजह से बिना वैक्सीन लगाए सर्टिफिकेट जारी होने और कई



**हितग्राही ने लगवाई थी कोवैक्सीन की 2 डोज, कोविशील्ड की पहली डोज का भी मिल गया सर्टिफिकेट**

# बैनर देख हैरान हुए

**रतलाम, नप्र।** गुरुवार सुबह टीका लगाने के लिए लोग टीकाकरण केन्द्र पर पहुंचे तो टोकन पर्ची समाप्त का बैनर देख हैरान रह गए। लायंस हॉल पर कोविशील्ड के पहले और दूसरे टीके के लिए सुबह आठ बजे से टोकन बंटना शुरू होना था, लेकिन टीका लगवाने वाले लोग सुबह 6.30 बजे से ही पहुंचने लगे। सात बजे तक तो यहां महिला और पुरुषों की कतार लग गई। यहां टोकन लेने आए लोगों को उस समय हैरानी हुई जब जाते ही उन्होंने हॉल के दरवाजे पर 'टोकन पर्ची समाप्त' लगा बैनर देखा। कहने लगे कि इतनी जल्दी टोकन कैसे खत्म हो सकते हैं। बाद में उन्हें पता चला कि यह बैनर आज का नहीं बल्कि कल का लगा हुआ है, जिसे उतारा नहीं गया। तब हैरान हो रहे लोगों ने राहत की सांस लेते हुए कहा कि तब तो ठीक है। वेदव्यास कॉलोनी स्थित सूरज हॉल पर तो महिला और पुरुषों की अलग-अलग लम्बी कतार देखी गई। यहां भी टोकन लेने के लिए लोगों की भीड़ समय से पहले ही पहुंच गए। केन्द्र के दरवाजे का ताला खुला नहीं था लेकिन लोगों की भीड़ पहले से जमा हो गई थी। काटजूनगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर पर भी टोकन लेने वालों की लम्बी कतार रही। यहां तो फिर भी लोगों को सुविधा अनुसार एक-एक करके उन्हें अंदर जाने दिया गया।



8/7/21

# ...फिर भी भटक रहे


**रतलाम, नप्र।** कोरोना महामारी से लड़ने के लिए टीकाकरण को महाअभियान के रूप में चलाया जा रहा है। कोई परेशानी ना हो इसके लिए नित नये-नये इंतजाम किए जा रहे है, लेकिन समस्या फिर भी जस की तस है। लोगों को टीके के लिए भटकते देखा जा रहा है। किसी को पहले टीके के लिए इंतजार करना पड़ रहा है तो किसी को दूसरे टीके के लिए। टीकाकरण की रिपोर्ट को देखें तो अब तक जिले में 4 लाख 1 हजार 653 लोगो को कोविड टीके लगाए जा चुके है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में चलाए जा रहे महाअभियान में अब तक 4 लाख 1 हजार 653 कोविड के वैक्सीन के डोज लगाए जा चुके है। इसमें से 66 हजार 457 लोगो को कोविड वैक्सीन के दूसरे डोज दिए जा चुके है। हेल्थ केयर वर्कर्स को 13 हजार 212 डोज, फ्रटलाईन वर्कर्स को 14 हजार 361 डोज, 18 से 44 साल आयु समूह के लोगों को 1 लाख 73 हजार 878 डोज, 45 से 60 साल आयु समूह के लोगों को 1 लाख 25 हजार 633 डोज, 60 साल से अधिक आयु समूह के लोगो को 74 हजार 569 डोज लगाए जा चुके है। शहरी क्षेत्र में 45 साल से अधिक आयु समूह अंतर्गत 77.76 प्रतिशत लोगों को पहला टीका लगाया जा चुका है जबकि 45 साल से अधिक आयु समूह में 49.65 प्रतिशत लोगों को दूसरा वैक्सीन लगाया जा चुका है। कोरोना वैक्सीनेशन महाअभियान के तहत बीते 21 जून से 7 जुलाई तक ही जिले में एक लाख पैंतालीस हजार आठ सौ पचास लोगों का वैक्सीनेशन हो चुका है। बीते बुधवार को ही दो हजार 474 लोगो को टीके लगाए जा रहे है। अब तक महाअभियान के तहत हुए वैक्सीनेशन में 18 से 44 साल के 1 लाख 671 तथा 45 साल से अधिक के 45 हजार 164 लोगों का वैक्सीनेशन किया। अभियान के तहत किए वैक्सीनेशन में आलोट विकासखंड के 17 हजार 689, बाजना विकासखंड के 8 हजार 149, सैलाना विकासखंड के 9 हजार 758, जावरा विकासखंड के 21 हजार 255, पिपलौदा विकासखंड के 11 हजार 459, रतलाम ग्रामीण के 23 हजार 101, शहर के 54 हजार 439 लोगों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है।कहा जा रहा है कि महामारी पर काबू के लिए शत-प्रतिशत लोगों का टीकाकरण बेहद जरूरी है और इसी के लिए जिला प्रशासन की ओर से नित नये-नये प्रबंध किए जा रहे है ताकि टीके लगाए जाने के लिए लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो बावजूद इसके लोगो का भटकना जारी है। लोगों की शिकायतें आ रही है कि पहला टीका लगाने के लिए अभी भी कई ऐसे लोग है जो लम्बा इंतजार कर रहे है तो ऐसे भी है जो दूसरा टीका लगाए जाने के लिए इधर-उधर भटक रहे है। अधिकांश ऐसे लोग है जिन्हें टीका लगाए बिना ही बैरंग लौटना पड़ रहा है।

**हाथ में दास्ताने नहीं, पैर में जूते नहीं, फिर भी कर रहे काम**

# नालों पर पक्के अतिक्रमण नहीं हटा रहे, नोटिस सफाई कर्मचारियों को दिए जा रहे

रतलाम. नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के काम करने से नाराज होकर आमजन सीएम हेल्पलाइन में शिकायत कर रहा है। इसके बाद वार्ड के दारोगा को उस शिकायत को समाप्त करने का दबाव है। निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक अलग-अलग क्षेत्र में बगैर बेहतर संसाधन के काम करते देखें जा सकते है।

निगम के कर्मचारी लांग जूते, हाथ के दास्ताने, मुंह पर मास्क, सैनिटाईजर, हाथकचरा गाड़ी जैसे संसाधन के बगैर ही सुबह से लेकर देर रात तक काम कर रहे है। निगम के स्वास्थ्य विभाग के इन कर्मचारियों ने नाम नहीं प्रकाशन के आग्रह के साथ बताया की शहर के नौलाईपुरा, चांदनीचौक, पोरवाडों का वास, चौमुखीपुल से लेकर कई क्षेत्रों में नालों पर पक्के अतिक्रमण हो गए। अब इनको हटाए बगैर नालों की सफाई संभव ही नहीं है।



जब जब बारिश आती है इन क्षेत्र में नाली का पानी सड़क पर आ जाता है। इसके बाद पहले निगम को व बाद में सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत होती है। ऐसे में जब तक अतिक्रमण हटाकर नाली साफ नहीं हो, तब तक शिकायत करने वाला अपनी शिकायत वापस नहीं लेता है।

## हादसे के बाद जागेंगे

सरकारी कार्यालय का नियम है कि जब तक हादसा नहीं होता, तब तक सुस्ती रहती है। हमारे अधिकारी भी तब जागेंगे जब किसी कर्मचारी को लांग जूते के अभाव में कोई सांप काटेगा व उसकी मृत्यु होगी।- **राम कल्याणे**, अध्यक्ष, नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति

सभी कर्मचारियों को जरूरी संसाधन देने की प्रक्रिया पर काम चल रहा है। जल्दी ही इसकी आपूर्ति की जाएगी। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका 9/7/21

# टोकन के लिए कतार, समय से पहले पहुंचे लोग



**रतलाम, नप्र। कोरोना टीका महाअभियान के तहत शहर में वैक्सीनेशन के लिए अलग-अलग इंतजाम किए है। सामान्य सत्र में कोविशील्ड का पहला और दूसरा सत्र तथा कोविशील्ड केवल दूसरा डोज सत्र तथा कोवैक्सीन दूसरा डोस सत्र के लिए टीका केन्द्रों पर भीड़ का माहौल रहा। हर एक केन्द्र पर लोगों की भीड़ रही। वार्ड 33 के चार मतदान केन्द्रों के इसी वार्ड के मतदाताओं के लिए कोविशिल्ड का प्रथम डोज सत्र होने के बावजूद यहां टोकन के लिए कतारें रही।**

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने इस नवीन इंतजाम के अनुरूप तय स्थल पर ठीक ढंग से टीका लगवाए जाने की अपील नागरिकों से की है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे टीका लगाने शहर में ना आए। रतलाम शहर की व्यवस्था शहर के लोगों के लिए ही है। एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि वार्ड 33 में आज मतदान केन्द्रवार टीकाकरण करने की प्रायोगिक शुरुआत की जा रही है। कुशाभाऊ ठाकरे मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा ने वार्ड 33 के रहवासियों के लिए विशेष केम्प की कोशिश की। जिसके चलते प्रशासन ने पहल करते हुए वार्ड 33 के चार मतदान केन्द्रों के मतदाताओं के टीकाकरण के लिए विशेष आयोजन किया जा रहा है। यहां बीएलओ को भी तैनात की गई है। उनकी जिम्मेदारी मतदान केंद्र के मतदाताओं का मौके पर ही सत्यापन करना है। बीएलओ के सत्यापन के बाद ही यहां टीकाकरण किया जा रहा है। एसडीएम ने बताया कि यदि यह नया इंतजाम कामयाब रहता है तो इसे आगामी दिनों में भी आगे भी लागू किया जा सकता है। एसडीएम ने बताया कि शहर में हर मतदान केंद्र पर उपलब्ध मतदाताओं के अनुसार टीकाकरण की हालात को सूचीबद्ध कर लिया है इसलिए यह व्यवस्था प्रायोगिक तौर पर की है। सामान्य सत्र में कोविशिल्ड प्रथम एवं दूसरे डोस के लिए 17 स्थान तय है। कोवैक्सीन के पहले डोज को अठ्ठाईस दिवस पूरे होने वाले लोगों के लिए को दूसरा डोज सत्र के लिए भी 8 स्थानों तय किए है। वार्ड 33 के मतदाताओं के लिए कोविशील्ड का प्रथम डोज लगाया जा रहा है।

प्रभात किरण 8/7/21

# नगर निगम के लेखापाल और राजस्व निरीक्षक का वेतन रोका

## गलत जानकारी देने पर निगमायुक्त की कार्रवाई

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नगर निगम के पीएम आवास योजना संबंधी खाते में बीएलसी मद की कोई राशि शेष नहीं होने संबंधी गलत जानकारी देने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने लेखापाल विजय बालोद्रा व सहायक राजस्व निरीक्षक बलवंत सिंह राठौर का जून माह का वेतन आगामी आदेश तक रोके जाने के निर्देश दिए।

संचालनालय द्वारा आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग में समीक्षा के दौरान पाया गया कि रतलाम नगर निगम के खाते में बीएलसी घटक के अंतर्गत 1.58 करोड़ रुपये की राशि रखी हुई है जिसका हितग्राहियों को भुगतान नहीं किया गया। इस असंतोषजनक स्थिति के कारण आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। निगमायुक्त ने संबंधितों का माह जून का वेतन रोककर एकक सप्ताह में पात्र हितग्राहियों को भुगतान की कार्रवाई कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

**सिटी मैनेजर व सामुदायिक संगठिकाओं भी वेतन रोका**

पीएम स्वनिधि अंतर्गत प्रदेश के 52 जिलों में रतलाम 52वें व प्रदेश की 16 नगर निगमों में रतलाम नगर निगम 16वें स्थान पर होने से निगम आयुक्त ने सिटी मैनेजर नितिन तिवारी, कपिल मारोठिया, सामुदायिक संगठिका राजश्री गुमास्ते, रेखा राठौर, सीमा सुरोलिया, हेमा सिलावट, निर्मला राय का माह जून का वेतन आगामी आदेश तक रोके जाने के निर्देश दिए। संचालनालय द्वारा आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग की बैठक के बाद कलेक्टर ने भी इस पर नाराजगी जाहिर की। नईदुनिया।

नईदुनिया 9/7/2021